# छात्र को परीक्षा में शामिल करने के निर्देश

**जबलपुर, 22 मार्च. मप्र हाईकोर्ट ने एलएलएम के एक छात्र को राहत प्रदान की है. जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने आवेदक छात्र को एटीकेटी के साथ तीसरे सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा में शामिल करने के निर्देश दिये है.**

यह मामला जबलपुर निवासी एस अकील की ओर से दायर



किया गया था. जिनकी ओर से अधिवक्ता अमित रायजादा व राजेन्द्र कुशवाहा ने पक्ष रखा. जिन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से संबद्ध एनईएस महाविद्यालय से एलएलएम की पढ़ाई कर रहा है. उसकी प्रथम सेमेस्टर में एटीकेटी आई थी. प्रबंधन का कहना था कि एटीकेटी उत्तीर्ण किए बिना उसे तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जा सकती. सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त राहत कारी आदेश दिया.

## कटनी कोषालय में हुई वित्तीय अनियमितताओं पर जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश

मप्र हाईकोर्ट ने कटनी जिला कोषालय में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता, जालसाजी, आपराधिक षड्यंत्र एवं सार्वजनिक धन के गबन के आरोपों की उचित जांच नहीं करने के मामले को सख्ती से लिया है. जस्टिस बीपी शर्मा की एकलपीठ ने पिछली सुनवाई के दिए आदेश के तहत विधिवत जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये है. इसके साथ ही न्यायालय ने कहा है कि ऐसा न होने की स्थिति पर अगली सुनवाई दौरान जिला कोषालय अधिकारी (डीटीओ) को उपस्थित होना होगा. मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल को निर्धारित की गई है. यह मामला डिंडोरी निवासी चंद्र नारायण ठाकुर की ओर से दायर किया गया है. जिनकी ओर से अधिवक्ता केके पांडेय, कौशलेश पांडेय, सिद्धार्थ एस पांडेय ने पक्ष रखा. उन्होंने बताया कि कटनी में योजना एवं सांख्यकीय विभाग में कार्यरत कर्मचारियों शिवम पटेल, मनोश सिंह, शीला पाल सहित अन्य ने बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं की हैं. दलील दी गई कि जांच रिपोर्ट में जिला कोषालय में पदस्थ राधा पुरबिया, शिवम पटेल, मनीष सिंह एवं शीला पाल के खिलाफ गबन का आरोप पाया गया. इसके बावजूद उक्त आरोपियों को छोड़ दिया गया और अन्य तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर चालान पेश कर दिया गया. जिसे गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये.

## दूधी नदी से हो रहे अवैध रेत उत्खनन पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

मप्र हाईकोर्ट ने नरसिंहपुर के गाडरवारा स्थित दूधी नदी के कसेला घाट में बड़े पैमाने पर अवैध रेत खनन का आरोप लगाने वाले मामले को गंभीरता से लिया. चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने प्रमुख सचिव माइनिंग, कलेक्टर नरसिंहपुर, माइनिंग अधिकारी व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश देते हुए अधिकारियों को अवैध खनन रोकने के निर्देश दिये है. यह मामला नरसिंहपुर निवासी कमलेश चौधरी की ओर से दायर किया गया है. जिनकी ओर से अधिवक्ता बृजेंद्र स्वरूप साहू ने पक्ष रखा. दलील दी गई कि उक्त क्षेत्र में बिना किसी वैध अनुमति या खनन लीज के भारी मशीनों पोकलेन, जेसीबी, ट्रैक्टर एवं ट्रकों, का उपयोग कर खुलेआम रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है. इससे नदी के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा उत्पन्न हो रही है, नदी तटों का कटाव बढ़ रहा है तथा पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है. ग्रामीणों द्वारा 30 दिसंबर 2025 को जन सुनवाई में जिला कलेक्टर, नरसिंहपुर के समक्ष विस्तृत शिकायत प्रस्तुत की गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर याचिका दायर की गई. सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश के साथ अनावेदकों को जवाब पेश करने के निर्देश दिये.

चैत्र नवरात्रि



# 89 हजार से अधिक भक्तों ने किए मां शारदा के दर्शन

**मैहर, 22 मार्च. चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर मैहर स्थित मां शारदा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. नवरात्रि के तीसरे दिन शनिवार को देशभर से पहुंचे भक्तों ने पूरे उत्साह और आस्था के साथ माता के दर्शन किए.**

प्रशासन द्वारा की गई चाक-चौबंद सुरक्षा एवं सुगम व्यवस्था के चलते दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा. सीढ़ी मार्ग सहित सभी मार्गों पर व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं, जिससे भक्तों ने सहज रूप से माता के दर्शन किए. शनिवार को 89 हजार 936 श्रद्धालुओं ने मां शारदा देवी के दर्शन किए. इनमें से 79 हजार 413 श्रद्धालु पैदल मार्ग, 1 हजार 323 वैन मार्ग तथा 3 हजार 200 श्रद्धालु रोपवे मार्ग से मंदिर पहुंचे. नवरात्रि पर्व के चलते मंदिर परिसर में लगातार भक्तों की भीड़ बनी हुई है. प्रशासन एवं मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं, जिससे श्रद्धालु शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से माता के दर्शन कर सकें.

### एक नजर में



## फिंगर प्रिंट की मदद से सुलझी ड्रीम सिटी की चोरी

**जबलपुर.** ड्रीम सिटी में रिटायर्ड बीएसएनल कर्मचारी के घर हुई 4.75 लाख की चोरी बरेला पुलिस ने फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की मदद से सुलझा ली है. मामले में एक बालक समेत दो को गिरफ्तार किया गया है. जिनके कब्जे से सोने-चांदी के जेवर और कीमती सोनी कैमरा सहित कुल 4.75 लाख रुपये का सामान बरामद किया गया है. थाना प्रभारी बरेला शुभम सिंह ठाकुर ने बताया कि ड्रीम सिटी पडरिया निवासी रविकांत चावरिया (63) बीएसएनएल से सेवानिवृत्त हैं, 25 अगस्त 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी. फरियादी के मुताबिक 24 अगस्त की रात वे अपने परिवार के साथ सदर स्थित पुराने घर गए थे. अगले दिन सुबह जब उनके बेटे देवांश और बहू आस्था घर पहुंचे, तो देखा कि मुख्य द्वार, कमरों और अलमारी के लॉकर टूटे हुए थे.

पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी. जांच के दौरान पुलिस कंट्रोल रूम जबलपुर की फिंगर प्रिंट शाखा को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए. फिंगर प्रिंट रिपोर्ट के आधार पर संदेहियों को चिन्हित किया गया, जिससे पुलिस एक 17 वर्षीय किशोर तक पहुँच गई. पुलिस अभिरक्षा में लिए गए किशोर ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल किया. उसने बताया कि उसने अपने दोस्त मोहित कोरी उर्फ अनुज (19) निवासी कुडार्क टाउनशिप तिलहरी के साथ मिलकर इस चोरी को अंजाम दिया था.

चोरी के बाद किशोर ने कैमरा और लेंस अपने पास रख लिए थे, जबकि सोने-चांदी के जेवर मोहित कोरी ने रखे थे. पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर कैमरा और 3 लेंस, सोने का एक मंगलसूत्र, एक जोड़ी बाली, एक अंगूठी, चांदी की एक जोड़ी पायल कुल कीमत 4,75,000 रुपये का माल बरामद किया गया. कार्यवाही के बाद 17 वर्षीय किशोर को किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया गया. वहीं, मुख्य आरोपी मोहित कोरी को न्यायालय के समक्ष पेश कर केन्द्रीय जेल भेज दिया गया है.



## दुष्कर्म के मामले में शिक्षक व होटल मैनेजर गिरफ्तार

**रीवा, 22 मार्च.** जिले की बैकुण्ठपुर पुलिस ने नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले शिक्षक व होटल मैनेजर को 24 घण्टे में गिरफ्तार किया है. इस पूरी कार्यवाही को लेकर थाना प्रभारी घनश्याम मिश्रा ने बताया कि दिनांक 18 मार्च को मझिगवां शासकीय स्कूल में पीटीआई टीचर सुखदेव सिंह अपने विद्यालय में पढने वाली नाबालिक छात्रा को रीवा में खेल कूद प्रतियोगिता में शामिल होने की झूठी जानकारी देकर अपने साथ रीवा ले गया व वहां होटल के कमरे में ले जाकर नाबालिक छात्रा के साथ छेडछाड करने लगा.नाबालिक छात्रा होटल के कमरे से भागकर होटल के मैनेजर को घटना बताई. होटल के मैनेजर अशोक वाधवानी ने पैसे के लालच में आकर कमरा दिया था.झ और पीडिता द्वारा घटना बताने पर पीडिता को डरा धमका कर घर भेज दिया. पीडिता अपने घर आकर अपनी माँ को घटना बताई व पापा के घर आने पर दिनांक 20 मार्च को थाना जाकर रिपोर्ट की थी. पुलिस नें घटना को गंभीरता से लेते हुये आरोपी सुखदेव सिंह व होटल के मैनेजर अशोक वाधवानी को 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया है.

# ट्रक चालकों पर हमला करने वाले 7 गिरफ्तार

**रतलाम, 22 मार्च. बिलपांक थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिलपांक फंटे पर ट्रक चालकों के साथ हुई मारपीट और हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के भीतर सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.**

पुलिस के अनुसार यह घटना चाय पर छिड़ी बहस से हुई थी. हमले में गंभीर रूप से घायल एक ट्रक चालक की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है, जबकि दूसरा घायल उपचाराधीन है. उल्लेखनीय है की घटना 19 मार्च की है. पुलिस के अनुसार, दो भाई जो ट्रक चालक हैं, अपने-अपने ट्रकों से यात्रा कर

### चाय पर छिड़ा विवाद बना खून की वजह



रहे थे. रात के समय बिलपांक फंटे के पास चाय पीते समय कुछ स्थानीय युवकों के साथ उनका मामूली बात पर विवाद हो गया.

विवाद इतना बढ़ा कि युवकों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी, लोहे की टॉमी और लात-घूंसों से दोनों भाइयों पर जानलेवा हमला कर दिया. घटना में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए रतलाम के मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) भर्ती कराया गया. वहां उपचार के दौरान एक घायल की मौत हो गई. पुलिस की त्वरित कार्रवाई: मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार के मार्गदर्शन में विशेष टीम का गठन किया गया.

# दूधखो धाम की सड़क के लिए सांसद निधि से मिले 10 लाख

**ग्वालियर, 22 मार्च. सांसद भारत सिंह कुशवाहा ने डबरा विकासखंड के अंतर्गत गिजौर्रा देवगढ़ मुख्य मार्ग से दूधखो धाम के सड़क मार्ग के लिए सांसद निधि से 10 लाख रुपए दिए हैं.**



क्षेत्र की जनता ने सांसद भारत सिंह का आभार व्यक्त किया है. वही दूध खो धाम पर 9 दिवसीय राम कथा एवं 108 कुंडलीय महायज्ञ का आयोजन चल रहा है.

क्षेत्र के श्रद्धालुओं का कहना है कि उन्हें बड़ी सौगात मिली है. सड़क निर्माण से दूध खो धाम पर आना जाना सुगम होगा .जो 29 मार्च को विशाल भंडारे के साथ समापन होगा.

# एसआई से झूमाझटकी, नेम प्लेट खींची

▶ सब इंस्पेक्टर पर थप्पड़ मारने का आरोप लगाकर हंगामा

**ग्वालियर, 22 मार्च. दो पक्षों का विवाद सुलझाने पहुंचे एसआई रूद्र पाठक से बाइक सवार युवकों ने बहस शुरू कर दी और एसआई पर थप्पड़ मारने का आरोप लगाते हुए धक्का-मुक्की करने लगे.**

भीड़ के बीच युवकों ने एसआई की वर्दी पकड़कर उनकी नेम प्लेट तक खींचने की कोशिश की। इस दौरान एसआई खुद को बचाने का प्रयास करते रहे लेकिन युवक उन पर हावी होते नजर आए। पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में युवक कहते नजर आए कि सब-इंस्पेक्टर है तो



हमारा क्या बिगाड़ लेगा। इस दौरान मौजूद भीड़ ने किसी तरह एसआई को युवकों से बचाया। जब तक थाने से अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचता, आरोपी युवक वहां से फरार हो चुके थे। यह घटना कंपू के आमखो तिराहा की है जिसका वीडियो आज रविवार को सोशल मीडिया पर सामने आया है.

## 1 लाख 25 हजार ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**खरगोन.** जिले में नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त रोकने के लिए पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार शुरु किया है। इस ऑपरेशन के तहत रात्रि गश्त के दौरान सनावद पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो तस्करों को 1 लाख 25 हजार रुपए कीमत की 12. 650 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों से एक बुलट बाईक भी जब्त की गई है। आरोपियों में रतलाम का सप्लायर भी शामिल है। इस सप्लायर से पूछताछ कर पुलिस इस नशीले कारोबार से जुड़े नेटवर्क में शामिल लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है.

# सिपाही को जिंदा जलाने की कोशिश

**ग्वालियर, 22 मार्च. जिले के हस्तिनापुर थाना अंतर्गत फदलपुर गांव में एक युवक द्वारा पुलिसकर्मी को जिंदा जलाने की कोशिश का मामला सामने आया है.**

आरोपी ने पहले पुलिस को गुमराह करने के लिए फर्जी कॉल किया और फिर मौके पर पहुंचे सिपाही पर हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार फदलपुर निवासी मनोज कुशवाह ने डायल-112 पर सूचना दी कि उसके साथ मारपीट की जा रही है। सूचना मिलते ही एफआरवी मौके पर पहुंच गई। उस समय वाहन में सिपाही अनिल कुशवाह अपनी टीम के साथ तैनात थे। जब पुलिस गांव पहुंची, तो वहां मारपीट जैसी



कोई स्थिति नहीं थी।

ग्रामीणों ने बताया कि मनोज शराब का आदी है और अक्सर झूठी सूचनाएं देता है। इसी बीच, नशे में धुत मनोज ने अचानक जेब से पेट्रोल निकालकर सिपाही अनिल कुशवाह पर उड़ेल दिया। इससे पहले कि वह माचिस जलाकर कोई बड़ी अनहोनी कर पाता, वहां मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों ने उसे तत्परता दिखाते हुए दबोच लिया.

पुलिस आरोपी मनोज को पकड़कर थाने ले आई। नशे की हालत में किए गए इस जानलेवा कृत्य को लेकर पुलिस ने उसके विरुद्ध कार्रवाई की है। इस घटना के बाद कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल खड़ा हो गया है।

# सेवढ़ा में बारिश-ओलावृष्टि से हुआ भारी नुकसान

▶ तीन दिन में सर्वे करने के निर्देश, गेहूं की फसल बिछी

**दतिया, 22 मार्च. जिले के सेवढ़ा इलाके में बारिश और ओले गिरने के बाद प्रशासन तुरंत सक्रिय हो गया. एसडीएम अशोक अवस्थी ने नुकसान का आकलन कराने के लिए सर्वे के निर्देश दिए.**

राजस्व पुस्तक परिपत्र 6.4 के तहत टीम गठित की गई है. इसमें राजस्व निरीक्षक को प्रभारी बनाया गया है, जबकि पटवारी, कृषि विस्तार अधिकारी और पंचायत सचिव सदस्य हैं. प्रशासन ने तीन दिन के भीतर सर्वे पूरा कर रिपोर्ट देने को कहा है, ताकि मुआवजा प्रक्रिया में देरी न हो. इन गांवों में



सबसे ज्यादा असर बिलासपुर, अंडोरा और गोहना गांव सबसे ज्यादा प्रभावित बताए जा रहे हैं. यहां चने के आकार के ओले गिरे, जिससे खेतों में खड़ी फसल को सीधा नुकसान पहुंचा. तेज हवाओं की वजह से गेहूं की फसल बिछी तेज हवाओं के कारण गेहूं और चना की फसलें जमीन पर गिर गईं, जबकि सरसों की फसल भी प्रभावित हुई है. फसल कटाई के करीब थी.

प्रशासन ने सर्वे टीम को फसल के साथ मकानों, पशुओं और अन्य नुकसान का भी ओलावृष्टि से उत्पादन कम होने और आर्थिक नुकसान का डर बढ़ गया है. प्रशासन ने सर्वे टीम को फसल के साथ मकानों, पशुओं और अन्य नुकसान का भी बारीकी से आकलन करने के निर्देश दिए हैं. एसडीएम अशोक अवस्थी ने कहा है कि रिपोर्ट के आधार पर प्रभावितों को जल्द सहायता दी जाएगी.

# रतलामी सेव का नाम ही नहीं, काम भी विश्वस्तरीय हो : मंत्री काश्यप

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट- वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) पहल के अंतर्गत एमपी एमएसएमई (ओडीओपी) प्रगति समिट 2026' का आयोजन सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में रतलाम में किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कश्यप ने रतलाम की सेव के व्यवसाय को पहचान दिलाने के लिए किए गए कार्यों एवं रतलामी सेव को विश्व स्तर पर पहचान दिलवाने वाले व्यक्तियों/ व्यावसाईयो की जानकारी दी.

समिट में जिले की पहचान 'रतलामी सेव' जो 136 वर्ष पुरानी विरासत और विशिष्टता के लिए देशभर में प्रसिद्ध है कि ब्रांडिंग, मार्केटिंग, निर्यात एवं मूल्य संवर्धन के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने के लिए ब्रांडिंग, मार्केटिंग, पैकेजिंग एवं लॉजिस्टिक्स सत्र का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों ने रतलाम की सेव के व्यवसाय को बढ़ाने में सहयोग के लिए अपने विचार रखें। विशेषज्ञों द्वारा उत्पाद की ब्रांड वैल्यू बढ़ाने, आधुनिक पैकेजिंग, सप्लाई चेन दक्षता वं रिटेल कनेक्टिविटी पर विस्तृत चर्चा की गई।


समारोह ▶ उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की.

# निषादराज भगवान राम के प्रिय सखा थे

▶ भगवान निषादराज जयंती समारोह का शुभारंभ किया

**रीवा, 22 मार्च. राजेन्द्र शुक्ल ने बीहर नदी स्थित निषादराज घाट पर भगवान निषादराज जयंती समारोह का शुभारंभ किया. इस दौरान उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की.**

उप मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान निषादराज, भगवान राम के अत्यंत प्रिय सखा थे. उन्होंने वनवास के दौरान भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण को गंगा



पार कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. निषादराज जी भगवान राम के बड़े कृपा पात्र थे और उनका जीवन सेवा, समर्पण और मित्रता का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि निषाद समाज आज भी उन्हीं मूल्यों का पालन करता है और समाज में भाईचारे का संदेश देता है. रिवर फ्रंट निर्माण के दौरान निषादराज मंदिर और घाट का निर्माण कर क्षेत्र की गरिमा बढ़ाई गई है. समारोह में निषादराज संघ के पदाधिकारियों ने विभिन्न मांगें भी रखीं. इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे.

## सिनेमा हॉल और होटल का किया शुभारंभ

**रीवा.** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मनगवां में रेस्टोरेंट छोटू महाराज सिनेमा हाल तथा दया रेजिडेन्सी होटल का शुभारंभ किया. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मनगवां में सिनेमा घर और नवीन प्रतिष्ठान की सुविधा जनता के लिए बड़ी लाभ दायक होगी. संस्थान के संचालक रमेश तिवारी मेरे बचपन के साथी हैं उनके साथ अमहिया मोहल्ले की बहुत सारी यादें जुड़ी हुई. मनगवां में विधायक नरेन्द्र प्रजापति के प्रयासों से विकास के कई कार्य हो रहे हैं. इनका लाभ आमजनता को मिल रहा है. . समारोह में विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, पूर्व प्रदेश मंत्री राजेश पाण्डेय, जिला रेडक्रास समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, विधायक प्रतिनिधि राजेश पाण्डेय तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित र


### कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइल हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियल कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

| देनदारों / सहदेनदारों का नाम | सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण | कुल बकाया.... रु. | डिमांड नोटिस तिथि | कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री दीपक सोनी, श्रीमती वैशाली सोनी, दीपक सोनी (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10683744) | ईडब्ल्यूएस प्लॉट नं. 02, ग्लोबेल पार्क, ग्राम बागोदा, तहसील देपालपुर, नई तहसील राउ, इंदौर, 453331, क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि_क्षेत्रफल, विक्रय योग्य_क्षेत्रफल, सुपर_बिल्ट_अप_क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल: 377.00, 377.00, 377.00 | रुपये 1096667/- (रु. दस लाख छियानवे हजार छह सौ सड़सठ मात्र) | 04-12-2025 | 19/03/2026 |
| श्री राकेश राय श्रीमती रितिका राय (प्रॉस्पेक्ट नंबर 917300) | प्लॉट नंबर 256, उत्कर्ष पैराडाइज कॉलोनी, पी.एच.एन. 43, ग्राम धन्नाद, देपालपुर, इंदौर 453332 के दक्षिणी भाग का वह पूरा टुकड़ा/भाग। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: क्षेत्रफल: 488 | रुपये 1303492/- (रु. तेरह लाख तीन हजार चार सौ बानवे मात्र) | 04-12-2025 | 19/03/2026 |
| श्री विक्रम पवार, श्रीमती राधा पवार, जय माँ खोडियाल ट्रांसपोर्ट (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10168079) | प्लॉट नं. 76, उत्कर्ष पैराडाइज़, ग्राम धन्नाद, तहसील देपालपुर, जिला इंदौर 452001 का पश्चिमी भाग, क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति प्रकार: क्षेत्रफल संपत्ति क्षेत्रफल: 503 | रु. 1314288/- (रु. तेरह लाख चौदह हजार दो सौ अठासी मात्र) | 04-12-2025 | 19/03/2026 |
| श्री संतोष साहू श्रीमती राजकुमारी साहू स्नेहा कलेक्शन (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10266523) | मकान संख्या 97, कैलाश का भट्टा, वार्ड संख्या 97, इंदौर, मध्य प्रदेश का दक्षिणी भाग 452010 वर्ग फुट क्षेत्रफल: संपत्ति का प्रकार: क्षेत्रफल- 400 वर्ग फुट | रुपये 1337159/- (रु. तेरह लाख सैंतीस हजार एक सौ उनसठ मात्र) | 04-12-2025 | 19/03/2026 |

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी **ब्रांच आफिस:** 102/103, दर्शन मॉल, 15/2, रेस कोर्स रोड इन्दौर-452001 मध्यप्रदेश/या **कार्पोरेट ऑफिस-** प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.

**स्थान- इन्दौर, दिनांक- 23-3-2026** **प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड**